| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|

**नरेन्द्र सिंह**

**बनाम**

**लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)**

सू.अ. अपील संख्या– ऑनलाईन अपील संख्या 353062451863475

16/12/2024

अपीलार्थी नरेन्द्र सिंह निवासी बडला बासनी, तिंवरी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 01.10.2024 को जिला कलक्टर जोधपुर ग्रामीण व जोधपुर के क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त गोचर, चरागाह भूमि/जमीनों को गौशालाओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किये गये।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष उपस्थित, अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 575 दिनांक 10.12.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 5(4) के तहत आवेदन करने पर पत्रांक 2144 दिनांक 09.10.2024 के माध्यम से प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा, जिला कलक्टर कार्यालय, जोधपुर को सूचना प्रेषित करने हेतु पत्र जारी किया गया, परन्तु प्रकरण में सूचना अभी तक अपेक्षित होने से प्रार्थी को उपलब्ध कराया जाना संभव नही है।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर–शहर प्रथम, जोधपुर) के स्तर से लंबित न होकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी (राजस्व शाखा) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर) के स्तर पर लंबित है। अतः अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकारी (राजस्व शाखा) एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे अन्यथा नही दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत करावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.16 15:16:38 IST
Reason: Approved

No : 12458316